रायपुर जागीर

18-10-2022

FORM NO.111

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर (सीकर)

पटवारी हल्का रायपुर जागीर बनाम भूमिधारी तहसीलदार श्रीमाधोपुर

किस्म मुकदमाः—विविध प्रार्थना पत्र अ.धा. 136 एल.आर.एक्ट, मुकदमा नम्बरः— 74 / 2022

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय लघु हस्ताक्षर जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तालीम में जारी हुये
18.10.2022	प्रकरण उप तहसीलदार (भू.अ.) अजीतगढ़ के जरिये पत्रांक 524 / भू.अ. / 2022 दिनांक 14.09.2022 के द्वारा प्रकरण ग्राम रायपुर जागीर के भूमि खसरा नम्बर 755 / 1 रकबा 6.15 हैक्टर किस्म चाही 3 व खसरा नम्बर 755 / 2 रकबा 0.13 हैक्टर किस्म गै0मु0 रास्ता में शुद्धि किये जाने हेतु मूल पत्रादि इस न्यायालय को पेश किये गये है। जिसमें पटवारी हल्का रायपुर जागीर के द्वारा एक प्रार्थना पत्र अ.धा. 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के तहत तहसील श्रीमाधोपुर के ग्राम रायपुर जागीर के कृषि भूमि खसरा नम्बर 755 में से 0.13 हैक्टर में रास्ता श्री तेजाजी महराज के मंदिर को जाने वाले रास्ते हेतु कटान के आदेश उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर के आदेश क्रमांक 2376 / रीडर / 16 दिनांक 02.02.2017 के द्वारा आदेश प्राप्त हुए थे। जिसमें उक्त रास्ते की वर्तमान ऑनलाईन नक्शें में तरमीम सही नहीं होने से खसरा नम्बर 755 तन् रायपुर जागीर की सलंग्न नजरी नक्शा में लाल स्याही से दर्शित बिन्दू संख्या ए, बी, सी, डी, ई अनुसार खसरा नम्बर 755 के मिन् बट्टा नम्बर खसरा नम्बर 755 / 1, 755 / 2, 755 / 3, 755 / 4 अंकित किये जाने का निवेदन किया है। पटवारी हल्का रायपुर जागीर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के तहत मय दस्तावेजात् नकल जमाबन्दी, नकल नक्शा के प्राप्त हुई है। जिसके सम्बन्ध में तहसीलदार श्रीमाधोपुर से ... जानकारी प्राप्त की गई। प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान ... अधिनियम 1956 का श्रवणाधिकार क्षेत्राधिकार इस न्यायालय को होने से प्रकरण को दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार श्रीमाधोपुर से मौखिक वार्ता एंव पटवारी हल्का रायपुर जागीर से प्राप्त पत्रावली मय दस्तावेजात् इत्यादि का ध्यानपूर्वक अवलोकन एंव मनन किया। जिससे पटवारी हल्का रायपुर जागीर द्वारा पेश प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतित होता है।	18/10/22

Signature Not Verified
Digitally signed by Dilip Singh
Date: 2022.10.28 16:38:00 IST
Reason: SelfAttested

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय लघु हस्ताक्षर जज
	अतः पटवारी हल्का रायपुर जागीर द्वारा पेश प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट का न्यायहित में स्वीकार किये जाने योग्य पाये जाने पर स्वीकार किया जाता हैं तथा पटवारी हल्का रायपुर जागीर द्वारा ग्राम रायपुर जागीर के भिजवाये गये प्रस्ताव के सलंग्न प्रस्तावित नजरी नक्शें में लाल स्याही से दर्शित अनुसार ग्राम रायपुर जागीर के भूमि खसरा नम्बर 755 रकबा 6.28 हैक्टर के मिन् बट्टा नम्बर अंकित करते हुए खसरा नम्बर 755/1 रकबा 3.70 हैक्टर, 755/2 रकबा 0.05 हैक्टर गै.मु. रास्ता, 755/3 रकबा 0.08 हैक्टर गै. मु. रास्ता, 755/4 रकबा 2.32 हैक्टर जो नजरी नक्शे में लाल स्याही से बिन्दू संख्या "ए" "बी" "सी" "डी" "ई" से दर्शित रकबे की सीमाओं को प्रस्तावित नजरी नक्शा में लाल स्याही अनुसार सीमाएँ दर्ज किये जाने की स्वीकृति दी जाती है। तद्नुसार भूमिधारी तहसीलदार श्रीमाधोपुर नक्शा ट्रेस में दुरूस्ती की कार्यवाही करें। तहसीलदार श्रीमाधोपुर न्यायालय निर्णय अनुसार राजस्व अभिलेख में अमल दरामद करें। इस बाबत तहसीलदार श्रीमाधोपुर को तहरीर आदेश जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। Signature Not Verified Digitally signed by Dilip Singh Date: 2022.10.28 16:38:06 IST Reason: SelfAttested उपखण्ड अधिकारी, श्रीमाधोपुर (सीकर)